प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
15.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

प्रधानमंत्री सेना दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना दिवस पर देश के साहसी सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार विभिन्न सुधारों और आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित करके सशस्त्र बलों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के नागरिक हर दिन करोड़ों भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले बहादुरों के बलिदान को याद करते हैं।

सेना दिवस

इधर, 77वें सेना दिवस के मौके पर शिमला के रिज मैदान पर सेना प्रशिक्षण कमान शिमला द्वारा ''नो योर आर्मी'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आम लोगों को सेना को करीब से जानने का मौका मिला। कार्यक्रम का शुभारम्भ आर्ट्रैक शिमला के कार्यवाहक प्रमुख मेजर जनरल वी.एस.एम. विवेक वेंकटरमन ने किया। उन्होंने कहा कि लोगों को भारतीय सेना के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से नो योर आर्मी कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम में शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी सहित सेना के उच्च अधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान सेना के हथियार व उपकरणों की प्रदर्शनी, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, सैल्फी प्वाईंट और मिलिट्री बैंड प्रस्तुति सहित कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में नए कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने नाईन–ए कोटला रोड स्थित नए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी मौजूद रहे।

सिकंदर कुमार

प्रदेश भाजपा महामंत्री व राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने कहा है कि देशभर में संविधान गौरव अभियान को पार्टी एक राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के रूप में मना रही है। आज शिमला में उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों के तहत 26 दिसम्बर से 25 जनवरी तक प्रदेश स्तरीय एक ज़िला स्तरीय और मण्डल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सिकंदर कुमार ने बताया कि इसके तहत 17 जनवरी को शिमला के पीटरहॉफ में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तर के कार्यक्रम को केन्द्रीय राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय मंत्री के दौरे को लेकर आज पार्टी कार्यालय दीपकमल में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन विशेष रूप से मौजूद रहे।

जांच मांग

हिमाचल पथ परिवहन निगम के धर्मपुर डिपो के चालक संजय कुमार की आत्महत्या मामले में एच.आर.टी.सी. चालक व परिचालक संघ ने डी.एम. मण्डी की जांच पर संदेह जताया है। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान संघ के अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने कहा कि डी.एम. मण्डी और आर.एम. धर्मपुर

द्वारा दी गई जांच रिपोर्ट सही नहीं है। उन्होंने इस मामले की किसी सेवानिवृत जज या स्वतंत्र एजेंसी से जांच करवाने की सरकार से मांग की है।

स्वरोजगार

राज्य सरकार ने युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना शुरू की है। चंबा जिला के 8 बेरोजगार युवाओं ने योजना के तहत 50 प्रतिशत अनुदान पर इलैक्ट्रिक वाहन खरीदे हैं। इन सभी लाभार्थियों द्वारा खरीदी गई टैक्सियां राज्य सरकार के विभिन्न कार्यालयों में अटैच की जाएंगी और उन्हें हर महीने प्रति टैक्सी 50 हजार रूपए की निश्चित आय हो रही है। लाभार्थियों ने ई–टैक्सी को कम खर्च में अधिक आय का मजबूत साधन बताया है।

निरीक्षण

शिमला में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने आज रिज मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में लगभग 27 दल हिस्सा लेंगे।

..............................................................